
# समय पर खाना नहीं दिया तो कर दी पत्नी की हत्या

## पति के कपड़ों पर नहीं मिले खून के निशान, यहीं से पुलिस को शक हुआ,नाले में नहीं धुल पाए खून के दाग

- 48 घंटे में पुलिस ने सुलझाया केस

### भूख और गुस्से ने वर्षों पुराने रिश्ते को मौत दे दी

**नवभारत न्यूज**
**सारंगपुर/सण्डावता 08 मई, सं. पत्नि से घर आकर खाना मांगा, पत्नि ने थके होने का बहाना बनाकर देरी कर दी. बस इसी बात से गुस्साए पति ने उसे पीटा और कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी. भूख और बिगड़े संयम के आगे 40 साल पुराने रिश्तों की हत्या का सनसनीखेज मामला लीमाचौहान थाने के घोसला गांव में नजर आया है.**

एसडीओपी श्रीमति नेहा गौर के नेतृत्व में थाना लीमाचौहान पुलिस टीम ने जघन्य हत्या के सनसनीखेज मामले का मात्र 48 घंटे में खुलासा कर आरोपी पति को गिरफ्तार किया गया है.

घटना 6 मई की है. थाना लीमाचौहान की एफआरवी को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम घोंसला में एक महिला की हत्या हो गई है. सूचना पर थाना स्टाफ एवं एफआरवी टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां सिद्धनाथ तंवर के घर में लगभग 50 वर्षीय महिला खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ी मिली. महिला के सिर एवं छाती पर गंभीर चोट के निशान पाए गए. घटना की गंभीरता को देखते हुए विशेष पुलिस टीम गठित कर मौके पर रवाना किया गया. पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल को सुरक्षित कर डॉग स्क्वॉड को बुलाया गया तथा मृतिका के पति सिद्धनाथ एवं उसके पुत्रों हरकचंद, महेश एवं सुरेश से पूछताछ की गई.

> हत्या के बाद आरोपी अपने कपड़े एवं शरीर पर लगा खून साफ करने के लिए खेत के पास नाले पर गया और वापस आकर स्वयं को बचाने हेतु रोना-चिल्लाना शुरू कर दिया, ताकि किसी को उस पर संदेह न हो. पुलिस द्वारा आरोपी के बताए अनुसार घटनास्थल एवं नाले का सत्यापन किया गया, जो सही पाया गया. प्रकरण में आरोपी सिद्धनाथ पिता देवीलाल तंवर उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम घोंसला थाना लीमाचौहान को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है.



प्रारंभिक जांच में पुलिस को यह तथ्य संदिग्ध लगा कि मृतिका के शव के पास मौजूद उसके बेटों के कपड़ों एवं शरीर पर खून के निशान थे, जबकि मृतिका का पति सिद्धनाथ, जिसने सबसे पहले शव देखने की बात कही थी, उसके कपड़ों एवं शरीर पर खून का एक भी निशान नहीं था. पूछताछ के दौरान सिद्धनाथ द्वारा गोलमोल जवाब दिए जाने पर पुलिस का संदेह और गहरा गया. संदेह के आधार पर पुलिस द्वारा मृतिका के पति सिद्धनाथ से गहन एवं हिकमतअमली से पूछताछ की गई, जिस पर उसने अपनी पत्नी की हत्या करना स्वीकार किया. आरोपी सिद्धनाथ ने बताया कि घटना वाले दिन घर पहुंचने पर उसने अपनी पत्नी से खाना बनाने को कहा, जिस पर पत्नी द्वारा थकान के कारण थोड़ी देर बाद खाना बनाने की बात कही गई. इसी बात पर दोनों के बीच विवाद हुआ. विवाद बढ़ने पर आरोपी ने पहले पत्नी को थप्पड़ मारा एवं धक्का दिया, जिससे उसका सिर दीवार से टकराया. इसके बाद गुस्से में आकर आरोपी ने घर में रखी कुदाली से पत्नी के सिर एवं छाती पर कई वार कर उसकी हत्या कर दी.

# लापरवाही करने पर 4 समिति प्रबंधक निलंबित

- कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने दिया कार्यवाही को अंजाम
- जांच रिपोर्ट में किसानों से अवैध वसूली आई सामने



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़, 8 मई. जिले में समर्थन मूल्य पर जारी गेहूं खरीदी कार्य को लेकर प्रशासन पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है. कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने सभी खरीदी केंद्रों पर पारदर्शिता एवं सुचारु व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश देते हुए स्पष्ट कहा है कि गेहूं खरीदी कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या किसानों को परेशान करने की शिकायत मिलने पर संबंधित कर्मचारियों एवं अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी.**

जिसके चलते कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने शुक्रवार को गेहूं उपार्जन केंद्रों पर गड़बड़ी की शिकायतों के बाद चार समिति प्रबंधकों को निलंबित कर दिया है. जांच रिपोर्ट में किसानों से अवैध वसूली और निर्धारित मात्रा से अधिक गेहूं लेने की पुष्टि होने पर यह कदम उठाया गया है.

जानकारी के अनुसार कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने शुक्रवार को गेहूं उपार्जन केंद्रों पर गड़बड़ी की शिकायतों के बाद चार समिति प्रबंधकों को निलंबित कर दिया है. जांच रिपोर्ट में किसानों से अवैध वसूली और निर्धारित मात्रा से अधिक गेहूं लेने की पुष्टि होने पर यह कदम उठाया गया है. किसानों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर कलेक्टर ने केंद्रों के निरीक्षण के लिए चार अलग-अलग जांच टीमें बनाई थीं. इन टीमों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में उपार्जन नीति के उल्लंघन और व्यवस्थाओं में गंभीर खामियां उजागर हुईं. निलंबन की कार्रवाई बड़ागांव धसान के सहायक प्रबंधक ऋषभ कुमार जैन, दरगुंवा के पुष्पेंद्र कुमार जैन, बुडेरा की स्मिता अहिरवार और डिकौली के सहायक प्रबंधक आशाराम लोधी पर की गई है. प्रशासन ने इन केंद्रों पर सुचारू कार्य के लिए वैकल्पिक प्रभार भी सौंप दिए हैं.जांच में पाया गया कि केंद्रों पर किसानों से प्रति बोरी 10 रुपए तुलाई शुल्क वसूला जा रहा था.

> **जांच रिपोर्ट में पुष्टि होने पर उठाया कदम**
> जांच रिपोर्ट में किसानों से अवैध वसूली और निर्धारित मात्रा से अधिक गेहूं लेने की पुष्टि होने पर यह कदम उठाया गया है. किसानों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर कलेक्टर ने केंद्रों के निरीक्षण के लिए चार अलग-अलग जांच टीमें बनाई थी. इन टीमों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में उपार्जन नीति के उल्लंघन और व्यवस्थाओं में गंभीर खामियां उजागर हुईं. निलंबन की कार्रवाई बड़ागांव धसान के सहायक प्रबंधक ऋषभ कुमार जैन, दरगुंवा के पुष्पेंद्र कुमार जैन, बुडेरा की स्मिता अहिरवार और डिकौली के सहायक प्रबंधक आशाराम लोधी पर की गई है.

## खराब परफॉर्मेंस वाले 5 सीडीपीओ का वेतन रोकने के निर्देश

**सागर 8 मई.** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा की. बैठक के दौरान उन्होंने विभाग के प्रमुख योजनाओं और संपर्क एवं पोषण ट्रैकर ऐप पर डेटा प्रविष्टि की स्थिति की समीक्षा की. समीक्षा के दौरान लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर ने स्पष्ट चेतावनी दी कि मैदानी स्तर पर काम न करने वाले अधिकारियों और पर्यवेक्षकों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए. बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों की उपस्थिति दर्ज करने को लेकर सख्त निर्देश दिए गए. कलेक्टर ने कहा कि पोषण ट्रैकर ऐप पर आंगनबाड़ी खोलने और केंद्र पर होने वाली गतिविधियों की शत-प्रतिशत प्रविष्टि अनिवार्य है.

# एक ही पंडाल में हुए सामूहिक विवाह और निकाह

- आष्टा के सम्मेलन में 200 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे
- 18 मुस्लिम जोड़ों का मुस्लिम परंपरा से हुआ निकाह



**आष्टा 8 मई. गत दिवस डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ग्राउंड पर सीएम कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया. इस समारोह में कुल 200 जोड़े दांपत्य सूत्र में बंधे. सीएम डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअल माध्यम से नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया.**

इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के प्रयासों से 182 जोड़ों का विवाह वैदिक रीति-रिवाजों और मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ. वहीं, 18 मुस्लिम जोड़ों का निकाह मुस्लिम समाज की परंपराओं के अनुसार कराया गया. योजना के तहत, प्रत्येक नवविवाहित वधू के खाते में 49 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई, ताकि वे अपने नए जीवन की शुरुआत सुगमता से कर सकें.

> विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए सरकार की एक संवेदनशील और जनहितैषी पहल है. उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह आयोजनों से सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है और अनावश्यक खर्चों और सामाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगता है. कार्यक्रम को विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष दीक्षा गुणवान, पूर्व जनपद अध्यक्ष धारासिंह पटेल, नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा और सहकारी नेता देवीसिंह परमार सहित कई जनप्रतिनिधियों द्वारा संबोधित किया गया.

## जज्जी बस स्टैंड पर 120 किलो संदिग्ध मावा जब्त

**गुना.** मिलावट के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शहर के जज्जी बस स्टैंड पर बड़ी कार्रवाई की है. कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश और अभिहित अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषीश्वर के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई में भारी मात्रा में संदिग्ध मावा जब्त कर जांच के लिए भेजा गया है. खाद्य सुरक्षा विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बसों के जरिए जिले में संदिग्ध मावा लाया जा रहा है. सूचना के आधार पर टीम ने जज्जी बस स्टैंड पर बसों की सघन चेकिंग शुरू की. इस दौरान स्टैंड पर रखा 120 किलोग्राम संदिग्ध मावा बरामद किया गया. पुरानी गल्ला मंडी के मावा व्यापारी अतुल कुमार जैन ने उक्त मावे पर अपना मालिकाना हक जताया.

# मेला संचालकों से मांगी ऑडिट रिपोर्ट

- नगर निगम से 24 घंटे मे फायर सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट मांगी,
- कार्यक्रम स्थगित करने मेला संचालकों को सूचना पत्र जारी

**नवभारत न्यूज**
**सागर 8 मई. बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर स्मार्ट सिटी के प्रमुख स्थानो पर मनोरंजन के नाम पर संचालित दो संचालको को नगर निगम से सूचना पत्र जारी कर 24 घंटे मे फायर सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट मांगी गई है. तब तक कार्यक्रम स्थगित करने के लिए मेला संचालको को सूचना पत्र जारी किया गया है.**

मालूम हो कि सागर के दो प्रमुख स्थानो पर मनोरंजन के नाम पर दो कार्यक्रम संचालित किए जा रहे है. मगर कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा को लेकर कोई इंतजाम नजर नही दिखाई दे रहे है. जिसके मद्देनजर ही गत दिवस नगर दंडाधिकारी कार्यालय सागर से नगर निगम को पत्र जारी कर कार्यक्रम स्थल पर फायर सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट को जानकारी मांगी गई थी.

जिसके परिपेक्ष्य मे ही ननि कार्यालय के फायर सुरक्षा विभाग की ओर से मेला संचालको को पत्र निगमायुक्त के माध्यम से जारी किया गया है. शहर के संजय ड्राइव मार्ग पर एक सर्कस का आयोजन किया जा रहा है. वहीं जवाहरलाल नेहरू पुलिस अकादमी के प्रशिक्षु नव आरक्षको और अन्य पुलिस कर्मियों के खेल मैदान पीटीसी ग्राउंड पर भी मनोरंजन मेले का आयोजन शुरू हो चुका है.

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, पति गंभीर घायल

**टीकमगढ़.** जिले के बड़ागांव-ककरवाहा मार्ग पर बीते रोज देर शाम को एक सड़क हादसा हो गया. इस दुर्घटना में बाइक सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया.

मृतक महिला की पहचान गुड़ा भदौरा निवासी फूलबाई कुशवाहा पत्नी बिहारी कुशवाहा के रूप में हुई है. उनके पति बिहारी कुशवाहा को गंभीर चोटें आई हैं. दंपती रिश्तेदारी में शादी का निमंत्रण देकर अपनी बाइक से घर लौट रहे थे. जानकारी के अनुसार, वीरनगर तिराहा के पास सड़क पर फैली गिट्टी पत्थर पर बाइक चढ़ने से वह अनियंत्रित होकर फिसल गई. इसके परिणामस्वरूप दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए. राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी.



## खरीदी केन्द्रों पर लंबी कतारों में लगे किसान परेशान

**इछावर 8 मई. क्षेत्र स्थित साइलो गेहूं खरीदी केंद्र पर किसानों को भारी अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ रहा है.**

समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने आए किसानों की ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की 2 किलोमीटर लंबी कतारें लगी हुई हैं, जबकि उपज खरीदी की गति बेहद धीमी है. किसानों का आरोप है कि केंद्र पर पीने के पानी और बैठने के लिए छायादार स्थान जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है. भीषण गर्मी में किसान घंटों अपनी बारी का इंतजार करने को मजबूर हैं. जब वे अपनी शिकायत लेकर केंद्र कार्यालय पहुंचते हैं, तो वहां कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं मिलता.

# समीक्षा बैठक में अधिकारियों को लगी फटकार

## प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने बैठक में बिना पीपीटी पहुंचे दो अधिकारियों पर जताई नाराजगी



**नवभारत न्यूज**
**सीहोर 8 मई. जिला पंचायत सभाकक्ष में शुक्रवार को आयोजित समीक्षा बैठक में जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने विभागीय कामकाज की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जवाबदेही और जनभागीदारी के साथ काम करने के निर्देश दिए. बिना पीपीटी पहुंचे दो विभागों के अधिकारियों पर मंत्री ने नाराजगी जताई, वहीं 80 साल पुराने जमोनिया तालाब के गहरीकरण और शहर के महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों को लेकर भी उनके द्वारा अहम निर्देश दिए गए.**

समीक्षा बैठक के दौरान दो विभागों के अधिकारी बिना पीपीटी के पहुंचे थे. जब उनसे विभागीय कार्यों की प्रगति प्रस्तुत करने को कहा गया तो प्रस्तुतीकरण नहीं होने पर प्रभारी मंत्री ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि बिना काम दिखाए प्रगति का आकलन कैसे होगा. उन्होंने सभी विभागों को व्यवस्थित मॉनिटरिंग और प्रस्तुतीकरण के साथ काम करने के निर्देश दिए. प्रभारी मंत्री ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि जनभागीदारी का आंदोलन है। आने वाली पीढ़ियों के लिए जल स्त्रोतों को बचाना जरूरी है. उन्होंने नदियों, तालाबों, कुओं और अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए. ग्रामीण क्षेत्रों के साथ शहरी क्षेत्रों में भी लोगों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया.

> भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल आपूर्ति की समीक्षा भी बैठक का अहम हिस्सा रही. मंत्री ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में पानी की समस्या नहीं आनी चाहिए. खराब हैंडपंपों की मरम्मत, टैंकरों की उपलब्धता, जलापूर्ति की निगरानी और पानी की गुणवत्ता जांच नियमित रूप से करने के निर्देश दिए गए. शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने को भी कहा गया. समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री श्रीमती गौर ने जिला प्रशासन के विभिन्न नवाचारों की सराहना की है. जिले में विभिन्न विभागों द्वारा नवाचार आधारित पहलें संचालित की जा रही हैं.

# करोड़ों का बजाज फाइनेंस लोन घोटाला

**नवभारत न्यूज**
**ललितपुर 8 मई. पुलिस ने करोड़ों रुपये के आर्थिक अपराध और धोखाधड़ी से जुड़े एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बड़ी कार्रवाई की है.**

कोतवाली सदर पुलिस द्वारा प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी की तहरीर पर गिरोह के सरगना सहित 11 आरोपियों के खिलाफ गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है. पुलिस ने इस गिरोह को अंतर्राज्यीय स्तर पर सक्रिय बताया है. पुलिस जांच और एसआईटी की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि आरोपी गिरोह लोगों की जमीनों और संपत्तियों से जुड़े फर्जी बैनामे, रजिस्ट्री और विक्रय पत्र तैयार कर वित्तीय संस्थानों को धोखा देता था. जानकारी के अनुसार आरोप है कि गिरोह ने तहसील और निबंधन कार्यालयों की फर्जी मोहरें और दस्तावेज तैयार कर उन्हें असली बताकर उपयोग किया. इन्हीं फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आरोपियों ने बजाज फाइनेंस से करोड़ों रुपये का ऋण स्वीकृत कराया. जांच में अब तक 13 से अधिक फर्जी रजिस्ट्रियां सामने आई हैं, जिनके जरिए यह पूरा खेल संचालित किया गया. पुलिस के अनुसार गिरोह ने अलग-अलग व्यक्तियों के नाम पर बैंक खाते खुलवाए और उनमें अपने मोबाइल नंबर लिंक कराए. इन खातों में 4 करोड़ 05 लाख 48 हजार 89 की रकम ट्रांसफर की गई.

# दुल्हन बनकर रात रुकी और ठगे सवा 3 लाख

## एक और लुटेरी दुल्हन ने कथित प्रेमी के साथ ठगी की

**नवभारत न्यूज**
**खिलचीपुर 08 मई, सं. समीपस्थ ग्राम तलावड़ा में शादी के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है. मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है. शादी के नाम पर कुल 3 लाख रुपये से अधिक की ठगी की गई है. तलावड़ा के एक परिवार को शादी कराने का झांसा देकर यह ठगी की गई है. पुलिस ने इस मामले में एक युवती, उसके प्रेमी और एक बिचौलिए के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज किया है. दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि एक फरार है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम तलावड़ा के रहने वाले रामप्रसाद तंवर अपने छोटे भाई ग्यारसीराम की शादी के लिए लड़की तलाश रहे थे. इसी दौरान उनकी मुलाकात रिश्तेदारी के माध्यम से ग्राम कोयला निवासी राजू तंवर से हुई. राजू ने उन्हें एक युवती से शादी कराने का आश्वासन दिया और बाद में रामप्रसाद को रंजना सिरोनिया और गोविंद सौंधिया से मिलवाया.

अगले ही दिन रंजना ने खुद पुलिस को फोन कर सूचना दी कि उसे बंधक बनाकर रखा गया है. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. जांच में सामने आया कि शादी और बंधक बनाए जाने की पूरी कहानी कथित रूप से पहले से रची गई साजिश का हिस्सा थी. पुलिस के मुताबिक योजना के तहत पहले शादी कर परिवार से रुपये ऐंठे गए और बाद में पुलिस बुलाकर वहां से निकलने की तैयारी थी. मामले में खिलचीपुर पुलिस ने रामप्रसाद तंवर की शिकायत पर रंजना सिरोनिया निवासी चाटूखेड़ा हाल निवासी इंग्ले कॉलोनी राजगढ़, गोविंद सौंधिया और राजू तंवर के खिलाफ जालसाजी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है. पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.

> **स्वयं को परित्यक्ता बताया, बिचौलिये को भाई**
> आरोपी रंजना ने खुद को पति से अलग रह रही महिला बताया, जबकि गोविंद को उसका भाई बताया गया. बातचीत के दौरान आरोपियों ने शादी से पहले जेवर बनवाने और अन्य खर्चों के नाम पर पैसे की मांग की. परिवार ने विश्वास कर अलग-अलग किस्तों में कुल 3 लाख 10 हजार रुपये दे दिए. बताया गया कि गोविंद पैसे लेकर जेवर खरीदने की बात कहकर चला गया और फिर वापस नहीं लौटा. इसी बीच रंजना ने ग्यारसीराम के साथ बोरकापानी मंदिर में शादी कर ली. शादी के बाद वह तलावड़ा स्थित ससुराल भी पहुंची और वहां एक रात रुकी.

**कार्यवाही** ▶ जिपं सीईओ ने किया जनपद खिलचीपुर एवं जीरापुर का औचक निरीक्षण, लापरवाहों को नोटिस थमाए

# निरीक्षण : न ऑफिस में मिले न फील्ड पर जाते हैं

**नवभारत न्यूज**
**जीरापुर/खिलचीपुर 08 मई, सं. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा शुक्रवार को जनपद पंचायत खिलचीपुर का औचक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान कार्यालयीन व्यवस्था, कर्मचारियों की उपस्थिति एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई. निरीक्षण के दौरान कार्यालय से 05 अधिकारी/कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए.**

जिनमें सलीम मोहम्मद सहायक लेखाधिकारी, रामस्वरूप जुझारिया ब्लॉक समन्वयक एसबीएम, श्रीमती सीमा गुर्जर ब्लॉक समन्वयक आरजीएम, श्रीमती पवित्रा दांगी डाटा एंट्री ऑपरेटर आरजीएम तथा एसके जाटव लेखापाल शामिल हैं. मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा अनुपस्थित कर्मचारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधितों का एक-एक दिवस का वेतन काटे जाने एवं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए. साथ ही निरीक्षण के दौरान संबल पंजीयन कार्यों की समीक्षा भी की गई. समीक्षा में पाया गया कि जांच पूर्ण होने के बावजूद आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में कई आवेदन लंबित हैं. ग्राम पंचायत स्तर से ऑनलाइन आवेदन किए जाने के उपरांत दस्तावेज समय पर जनपद पंचायत में प्रस्तुत नहीं किए जाने पर राधेश्याम दांगी सचिव ग्राम पंचायत चांदपुरा एवं कृष्णपाल सिंह खींची सचिव ग्राम पंचायत बाजरौन को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए.



**जीरापुर में कारण बताओ नोटिस जारी किया**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले द्वारा जनपद पंचायत जीरापुर का भी निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान उपयंत्री राजकुमार खींची के फील्ड निरीक्षण पर नहीं जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए. उन्होंने निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन की योजनाओं का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए.

**हितग्राही की मौके पर समस्या सुलझाई**



जनपद पंचायत कार्यालय में उपस्थित पेंशन हितग्राही गोपाल पिता घीसालाल निवासी ग्राम मोयाखेड़ा की समस्या का तत्काल निराकरण करते हुए समक्ष में ही पेंशन पोर्टल पर नवीन बैंक खाते का परिवर्तन कराया गया. वहीं ग्राम पंचायत बरखेड़ा निवासी आवेदक महेश शर्मा के समग्र पोर्टल पर माता-पिता के नाम संशोधन हेतु आवश्यक निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए गए.